
# दुल्हन लेकर लौटे दूल्हे की चार घंटे बाद सड़क दुर्घटना में मौत

**बाईक की आमने-सामने से भिडंत में हुई मौत**

**मातम में बदल गईं शादी की खुशियाँ**



**शहडोल ।** शहडोल जिले के ब्यौहारी के झिरीया गांव में रहने वाले दीपेंद्र की शादी सीधी जिले के मगरोहर गांव में रहने वाली मधु के साथ तय हुई थी। रिश्ता तय के बाद 16 अप्रैल को तिलक कार्यक्रम संपन्न हुआ था। इस दौरान लड़की पक्ष की ओर से दूल्हे को एक बाइक गिफ्ट की गई थी। 20 अप्रैल को दीपेंद्र और मधु की शादी थी। घर में महमानों की भीड़ थी और जश्न का माहौल था। बैंड बाजे के साथ 20 अप्रैल को घर से बारात धूमधाम से रवाना हुई जो कुछ देर बाद सीधी जिले के मगरोहर गांव पहुंची। जहां, लड़की पक्ष की ओर से बारातियों को जोरदार स्वागत किया गया और विवाह की रश्में शुरू हुई।

### नई दुल्हन के आने पर जश्न का था माहौल

पूरी रात शादी की रश्में होने के बाद 21 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे दूल्हा दीपेंद्र नई नवेली दुल्हन मधु को विदा कराकर बारातियों के साथ ब्यौहारी के लिए रवाना हुआ। करीब दो घंटे का सफर तय कर सोमवार दोपहर करीब एक बजे दूल्हा-दुल्हन झिरीया गांव पहुंचे। जहां, दूल्हे के परिवार की ओर से दुल्हन का जोरदार स्वागत किया गया और गृह प्रवेश कराया गया। दुल्हन के स्वागत की रश्में पूरी होने के बाद परिवार के लोग बैठकर बातें करने लगे और शाम हो गई।

**घर से एक किमी दूर हुई दुर्घटना**


शाम करीब पांच बजे उसने दुल्हन के लिए तोफा लेकर आने की बात कही और तिलक में मिली बाइक लेकर 10 किलोमीटर दूर ब्यौहारी बाजार चला गया। बाजार में उसने एक सुनार की दुकान से सोने का लॉकेट और चांदी की पायल खरीदी, जिसे लेकर वह वापस गांव आ रहा था। इस दौरान घर से करीब एक किमी दूर सराई सांधा में सामने से आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में दूल्हे दीपेंद्र और दूसरी बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि, दूसरी बाइक पर सवार एक और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना जैसे ही घर पहुंची, वहां मातम छा गया। परिजनों के आनुसार, 16 अप्रैल को तिलक में मिली बाइक को दीपेंद्र ने तब से छुआ भी नहीं था। सोमवार शाम को वह पहली बार बाइक लेकर घर से निकला था, इस दौरान हुए हादसे में उसकी मौत पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि दीपेंद्र बीएससी की पढ़ाई कर रहा था। साथ ही वह पुलिस भर्ती की भी तैयारी में भी लगा था। दीपेंद्र की मौत के बाद से उसकी पत्नी मधु का बुरा हाल है। पति की मौत की खबर लगते ही वह बेहोश हो गई। होश में आते ही वह दीपेंद्र का नाम पुकारती है और कुछ देर बाद फिर बेहोश हो जाती है। परिवार के लोगों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से पूरी गांव में मातम छा



# विधायक ने तालाब में श्रमदान कर किया साफ-सफाई

**दिया जल संरक्षण का संदेश**

शहडोल । आओ बचाएं जल, करे सुरक्षित कल पानी बचाओ कल के लिये पानी की बर्बादी जीवन की बर्बादी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण हेतु जन भागीदारी, जनप्रतिनिधियों जन अभियान परिषद के सदस्यों, समाजसेवी व अन्य लोगों के सहयोग से जल संग्रहण संरचनाओं के जीर्णोद्धार, नदी नालों की सफाई, बोरी बंधान तालाबों का गहरीकरण जैसे अन्य कार्य निरंतर किये जा रहे है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले के जनपद पंचायत ब्यौहारी के नगर परिषद खाड़ स्थित तालाब मे विधायक ब्यौहारी श्री शरद कोल ने श्रमदान कर साफसफाई का कार्य किया तथा जल संरक्षण का संदेश दिया। श्रमदान कार्य में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुशीला सिंह सहित अन्य लोगों ने भी श्रमदान किया।




# सरस्वती विद्यालय ओपीएम में पृथ्वी दिवस मनाया गया

**शहडोल ।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओपीएम अमलाई में आज दिनांक 22 अप्रैल 2025 को पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसमें ग्लोब के माध्यम से भैया बहिनों को पृथ्वी के बारे में जानकारी दी गई।

ग्लोब में स्थित अक्षांश एवं देशांतर रेखाएं, पृथ्वी की गतियां,मानवीय क्रियाओं एवं पर्यावरण प्रदूषण पर प्राचार्य मृगेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रकाश डाला गया । माता भूमि पुत्रोहं पृथिव्या:एवं वसुधैव कुटुंबकम का अर्थ स्पष्ट करते हुए सामाजिक कर्तव्य बोध कराया गया ।पृथ्वी के संरक्षण में एवं जन चेतना संवर्धन में भैया बहनों की भूमिका बताते हुए विविध सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी किए। भैया बहिनों ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बढ़ चढ़कर भाग लिया । प्रश्नोत्तरी में विजयी भैया बहिनों कृष्णा सिंह, आयुष शर्मा,अनुराग सेन, संस्कार तिवारी, तमन्ना गोंड एवं आचार्य परिवार में सीतेश प्रजापति को पुरष्कृत किया गया । आचार्यों में पी डी मिश्रा, राम नरेश सिंह, नारायण दास त्रिपाठी, बी के पाठक, अकबर खान,वीरेंद्र तिवारी, कमला मिश्रा, मधु गुप्ता द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया । इस अवसर पर सुश्री अनुष्का कर्ण के मार्गदर्शन में नन्हे शिशुओं ने पर्यावरण संचेतना एवं प्रकृति के संरक्षण पर सुंदर प्रस्तुति दी। साथ ही नवीन प्रवेशी भैया बहिनों का श्री राम नारायण तिवारी आचार्य द्वारा तिलक वंदन कर स्वागत किया गया।

# बाल मजदूरी कराने वाले को 2 साल तक की सजा का प्रावधान

**बाल श्रम से संबंधित शिकायत पुलिस 100, चाइल्ड लाइन 1098 पर करे**

**जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न**



**शहडोल ।** अपर कलेक्टर सरोधन सिंह की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में बाल और किषोर श्रम प्रतिषेद एवं विनियमन संशोधित अधिनियम 2016 के तहत जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में आयोजित की गई।

अपर कलेक्टर ने कहा कि 14 साल से कम उम्र का बच्चा मजदूर के रूप में काम नहीं कर सकता, बाल मजदूरी करवाने वाले व्यक्ति को 2 साल तक जेल की सजा हो सकती है, बाल मजदूरी करने वाले को 20 हजार रूपये से लेकर 50 हजार रूपये तक का जुर्माना भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि बाल श्रम से संबंधित शिकायत कोई भी नागरिक पुलिस 100, चाइल्ड लाइन 1098 पेंसिल पोर्टल पर कर सकते हैं। बैठक में जिला नोडल अधिकारी बाल श्रम चरणा गुप्ता बताया कि बाल श्रमिक को नियोजित करने पर अधि0 की धारा 14 (1) के तहत तथा किशोर श्रमिक को खतरनाक व्यवसाय या प्रक्रिया में नियोजित करने पर अधि0 धारा 14 (1क) के तहत कम से कम छः माह की अवधि का कारावास, लेकिन जिसे दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है या इसके अलावा कम से कम 20 हजार रूपये का जुर्माना है, लेकिन जिसे 50 हजार रूपये तक बढ़ाया जा सकता है अथवा ये दोनों दण्ड का प्रावधान है। उपर्युक्त धाराओं के आधीन अपराध को दोहराने पर कम से कम एक वर्ष की अवधि का कारावास, लेकिन जिसे 3 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने पीड़ित बाल किशोर श्रमिक की सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि छुड़ाए गए बच्चे की मूलभूत आवश्यकताएं छुड़ाए जाने के तत्काल बाद अवश्य पूरी की जानी चाहिए। छुड़ाए गए बच्चों को 24 घंटे के अंदर बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करना अनिवार्य है, जो जांच का आदेश देगी, जिसमें चिकित्सा जांच, आयु का निर्धारण, मध्यस्थ देखभाल और सुरक्षा, माता पिता का पता लगाना एवं श्रमिक के घर का सत्यापन किया जाना शामिल किया जा सकता है, सामजिक जांच की रिपोर्ट 15 दिन के अंदर दाखिल की जायेगी।

इस स्तर पर या जांच की समाप्ति पर बाल कल्याण समिति किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के माध्यम से एफआईआर में अतिरिक्त धारायें शामिल करने की सिफारिश कर सकती है। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह,जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग मनोज लारोकर, जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अमरनाथ सिंह, संजीव वर्मा सहित जिला टास्क फोर्स समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।




# प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में सभी का सहयोग आवश्यक

**डाकघर अधीक्षक ने किया गया पौधरोपण**

**शहडोल ।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रधान डाकघर शहडोल परिसर में अधीक्षक डाकघर शहडोल संभाग पुष्पेन्द्र सिंह ने पर्यावरण को हरा भरा और वायुमंडल के तापमान को संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल 1970 से पर्यावरण, पृथ्वी और जीवन के संरक्षण के लिए प्रत्येक वर्ष पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में सभी सहयोग करे । क्योंकि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है। पृथ्वी पर आक्सीजन, जल, भोजन और जीवन चक्र सुरक्षित रखने में वृक्षों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने समस्त कर्मचारियों से अपने आसपास पेड़ जरूर लगाने का संदेश दिया। इस अवसर पर दिलीप कुमार पटेल डाकपाल प्रधान डाकघर शहडोल, आर . पी.पांडेय कार्यालय सहायक शहडोल, शफीक खान, नितेश गुप्ता के साथ प्रधान डाकघर शहडोल एवं संभागीय कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की शिकायत के बाद निरीक्षण करने पहुंचे सीएमएचओ

**जिले के अधिकांश आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लटका रहता है ताला**




शहडोल । विगत दिनों जिले में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में ताले लटके रहने एवं स्वास्थ्य सुविधाएं न मिलने की शिकायतें की जा रही थीं। इन शिकायतों का प्रकाशन समाचार पत्रों में भी किया गया था। जिसके बादमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने विकासखण्ड सोहागपुर अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोरतरा, पोंगरी, श्याडीह, पटासी एवं खेतौली में आयोजित टीकाकरण सत्रों का औचक निरीक्षण किया। आरोग्य मंदिर गोरतरा, पोंगरी, श्याडीह, पटासी में सी.एच.ओ. के अनुपस्थित रहने पर एक सप्ताह का वेतन कटाने का नोटिस देने के निर्देश मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सिंहपुर को दिये। उन्होंने गर्भवती माताओं से चर्चा की तथा कहा कि गर्मी के मौसम में खुद को एवं बच्चों को बिमारी से सुरक्षित रखने विशेष सावधानी आवश्यक है। बिमार होने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार करायें। उन्होनें निर्देश दिये की आयुष्मान अरोग्य मंदिर में ओआरएस एवं दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें और आवश्यकता अनुसार मरीजों को उपलब्ध कराये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि भीषण गर्मी में लू से बचने मौसमी के फलों का सेवन करे तथा अनावश्यक घर से न निकलें दिन में ज्यादा से ज्यादा पानी पियें एवं घर से निकलते वक्त गमछे या टोपी का उपयोग करें एवं पुदीना, धनियां आदि के सरबत आदि का उपयोग करें तथा लू के लक्षण जैसे उल्टी आना, गला सूकना, तथा बुखार आने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर की सलाह ले, क्योंकि सुरक्षा ही बचाव का मुख्य साधन है।

## बदमाशों का उपद्रव, बुजुर्ग पर हमला, पांच घरों में तोड़फोड़

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत पुरानी बस्ती तलैया झंडा चौक में हथियारों से लैस बदमाशों ने बुजुर्ग पर बका से जानलेवा हमला किया और पांच घरो मेंतोड़फोड़ कर फरार हो गए। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत में नाजुक बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक नेतराम चौधरी 62 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती तलैया झंडा चौक के घर में गगन बिरहा, पवन , अप्पू , गोल्डी घुस गए और बका, डंडा एवं बेसबाल के डंडे से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचा दी इसके बाद गृहस्थी के समान में तोड़फोड़ कर दी। उसके बाद रंजो साहू, रानी चक्रवर्ती, ममता राय, इंद्रवती लोधी के घर में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। घायल को तत्काल उपचार के लिए शासकीय अस्पताल रांझी भिजवाया गया जहां से रेफर होने से मेडिकल कालेज मे भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# जन अभियान परिषद के सदस्य दीवार लेखन कर बता रहे जल का महत्व




शहडोल । शहडोल जिले में जल का महत्व समझाने और जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान जल स्त्रोतों के संरक्षण, पुनर्भरण और स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। अभियान के तहत लोगों को बताया जा रहा है कि जल ही जीवन है और इसका विवेकपूर्ण उपयोग ही भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य की कुंजी है। जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि, स्वैच्छिक संगठन और स्थानीय नागरिक इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। विशेष ध्यान भू-जल स्तर को बनाए रखने, परंपरागत जल स्रोतों के पुनर्जीवन तथा वर्षा जल संचयन पर दिया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान न सिर्फजल संकट से निपटने की दिशा में प्रयास है, बल्कि यह समाज को पर्यावरण संरक्षण की ओर भी प्रेरित कर रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद के सीएमएसडब्ल्यू की छात्रा रीना मिश्रा, एमएसडब्ल्यू की छात्रा रोषनी पटेल, विमल खैरवार ने दीवार लेखन कर जल का महत्व बताया गया। दीवार लेखन में जल की एक-एक बूंद बचाओ, पानी बचाओ, कल के लिए,पानी की बर्बादी जीवन की बर्बादी, जल ही जीवन है इसे बचाएं जैसे अन्य स्लोगन प्रदर्षित किये गए।

# प्लाट बेचने के नाम पर हड़पे लाखों

**आठ लोगों को लगाई चपत बिल्डर पर एफआईआर**

**जबलपुर।** आवासीय प्लाट बेचने के नाम पर 4 लाख 52 हजार रूपए हड़पने वाले बिल्डर के खिलाफ बरगी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। बरगी पुलिस ने बताया कि अंजना चौहान पति राजू चौहान 50 वर्ष निवासी मंडलारोड बिलहरी गोराबाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि विपिन तिवारी पिता विजय तिवारी निवासी ग्राम बलपुरवा तह. सोहागपुर जिला शहडोल मो., प्रबंधक निदेशक आईजीआईएस रियलटी कस्ट्रेक्शन प्राईवेट लिमिटेड चौथी मंजिल मोहित हाईट्स होम साईस रोड जबलपुर राईट टाऊन जबलपुर ने बरगी स्थित प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी कर फर्जी प्लाट का विक्रय पत्र निष्पादित किया और 4 लाख 52 हजार रूपए ऐंठ लिए। विपिन तिवारी द्वारा अन्य और भी लोगो के साथ उक्त भूमि आवासीय भूमि में परिवर्तित किये बिना आवासीय प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए लाखों रूपए हड़पे है। पुलिस ने साईधाम फेस टू आईजीआईएस रियलटी कस्ट्रेक्शन प्राईवेट लिमिटेड आनर विपिन तिवारी पिता विजय तिवारी निवासी ग्राम बलपुरवा तह. सोहागपुर जिला शहडोल के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली है। इसके अलावा जांच में यह बात सामने आई कि संगीता पांडे, राबिंसन जार्ज समेत कुल आठ लोगों से दो-दो लाख रूपए भी प्लाट बेचने के नाम लिए गए है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े छह लाख हड़पे,अब केस वापिस लेने दी धमकी

जबलपुर। रिश्तेदारी के मामा ने पहले तो भांजी की नौकरी लगवाने के नाम पर 6 लाख 50 हजार रूपए हड़पे इसके बाद अब केस वापिस लेने धमकी देने लगे। जिसके बाद पुलिस आरोपी के खिलाफ मदनमहल थाने में एक और एफआईआर दर्ज करा दी है। पुलिस के मुताबिक चित्रा सिंह कौशिक पिता कुलदीप सिंह कौशिक 35 साल निवासी बीटी बगंला हितकारिणी स्कूल के पीछे मदन महल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने बीई की पढाई के बाद वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयार कर रही हैं, रिश्तेदारी के मामा सुरेश राठौर निवासी बी-252 आवास विकास कालोनी झांसी (उप्र) ने नौकरी लगवानें के नाम से पूर्व में 6 लाख 50 हजार रुपये लिए थे जिसके द्वारा न तो नौकरी लगवाई गई थी न ही पैसे वापस किये गये थे जिस पर 25 जुलाई 2024 को मदनमहल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिसका केस न्यायालय में चल रहा है। दोपहर 2 :30 बजे सुरेश राठौर उसके घर पहुंचे और केस वापिस लेने की धमकी दी और ऐसा न करने पर जान से मार देने की बात कहते हुए चले गए।

# प्रदेश का पहला शहर जहां मां नर्मदा का जल ए-क्लास : महापौर

**कांग्रेस पार्षद ने मेयर की बातें बताई झूठीं, आरोप-प्रत्यारोप पर गरमाई सदन**



**जबलपुर।** नगर निगम पंडित भवानी प्रसाद सभाकक्ष में बजट चर्चा के लिए आहूत की गई बैठक हंगामेदार रही। आरोप-प्रत्यारोप पर भी सदन गरमाई रही। सदन की बैठक में शुरूआत में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि सदन में जो शहर विकास पर आधारित बजट पेश किया गया है, वह बजट संस्कारधानी के संस्कारों के अनुरूप विकास कार्यो को जमीनी धरातल पर उतारने और शहर को तेजी से महानगर का स्वरूप प्रदान करने की दिशा में कार्य करने के लिए पेश किया गया है और बजट के अनुरूप ही शहर में विकास कार्यो को पूर्ण कराकर शहर के नागरिकों को एक साथ अनेकों सौगातें दी जायेगी। महापौर ने गौरवांवित होकर बड़े सम्मान से एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश का पहला शहर जबलपुर बना है जहाँ माँ नर्मदा के जल को ए-क्लास अर्थात पीने योग्य निरूपित किया गया है। संस्कारधानी के विकास कार्यो को लेकर कहा कि नगर निगम में न कभी धन की कमी रही है और न ही कभी धन की कमी रहेगी। कांग्रेस पार्षद संतोष दुबे ने महापौर को घेरते हुए कहा कि मेयर की हर बात झूठी है। इस दौरान महापौर ने एक एक आरोप का जवाब दिया।

### 5 मिनिट में पहुंचेगी फायर बिग्रेड, चार और केन्द्र बनेंगे

महापौर ने बताया कि शहर के 4 और प्रमुख क्षेत्रों में अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने अग्नि शमन केन्द्रों की स्थापना की जायेगी जिससे 4 से 5 मिनिट में फायर वाहन दुर्घटना स्थल पर पहुँच सके।

### तो छोड़ दूंगा राजनीति

पार्षद संतोष दुबे ने महापौर पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर मेयर पर लगाए गए आरोप गलत निकले तो वे आज ही राजनीति छोड़ देंगे।

### कब्जे के आरोप पर भी हंगामा

भाजपा कार्यालय को लेकर विपक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यालय के सिर्फ 10 हजार वर्ग फीट जगह आवंटित थी लेकिन पार्टी ने 40 हजार वर्ग फीट पर कब्जा कर लिया जिस पर भाजपा पार्षदों ने आरोप को निराधार बताते हुए हंगामा मचाया।

**122 आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्तियां**

बैठक में बताया कि नगरीय निकाय क्षेत्रों को बैगर्स (भिक्षुक)-फ्री बनाने का कार्य किया जायेगा, इनमें से आवश्यकतानुसार भिक्षुकों को रोजगार के अवसर भी प्रदान किए गए। आश्रय स्थलों का उपयोग भी होगा और पढ़ाई-लिखाई का भी ध्यान दिया जायेगा, भोजन व्यवस्था भी की जायेगी। बैठक में बताया गया कि ढाई बर्षो में 122 दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्तियाँ प्रदान कर ऐतिहासिक रूप से कर्मचारी हित में कार्य किया गया। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि मार्च और अप्रैल माह के बीच मात्र 45 दिनों में 115 करोड़ रूपये का भुगतान विकास कार्यो पर किया गया और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए लगभग 150 करोड़ रूपये की राशि निगम कोष में उपलब्ध है।